रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 28 जनवरी 2018 जमशेदपुर, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

जमशेदपुर ने पार किया 47 सौ करोड़ का लक्ष्य

पत्रकारों से बात करते अधिकारी।

उपलब्धि

- जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने पाई सफलता
- पिछले साल की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक पाई सफलता

जमशेदपुर | संवाददाता

केन्द्रीय जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने जमशेदपुर के अपने लक्ष्य 47 सौ करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। यह जानकारी केन्द्रीय जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के मुख्य आयुक्त एसएन सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि जीएसटी के तहत अब विभाग किसी भी व्यापारी के यहां छापेमारी नहीं करेगा। छापेमारी का नाम जीएसटी वेरीफिकेशन होगा। बिष्टुपुर स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में एक करोड़ से अधिक नए ट्रेडर्स जीएसटी से जुड़े हैं। जीएसटी लागू होने के बाद आइटीसी द्वारा कर भुगतान में आई बढ़ोतरी की ऑडिट एवं निवारण के माध्यम से उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसके तहत कार्यालय में बेहतर ढंग से काम हो, इसको लेकर अधिकारियों की संख्या में दोगुनी वृद्धि की गई है। अब बिहार झारखंड में दो आयुक्त और दस सह आयुक्त के नेतृत्व में जीएसटी का कार्य सुगम तरीके से संचालित होगा। एसएन सिंह ने कहा कि ऑनलाइन काम में कुछ परेशानियां अवश्य आ रही हैं, लेकिन उनका समाधान निकट भविष्य में कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 400 से अधिक रिफंड के आवेदन आ रहे हैं। जीएसटी के साथ 33 स्टेक होल्डर जुड़े हैं। इसकी मॉनीटरिंग खुद प्रधानमंत्री कर रहे हैं। जीएसटी सेंट्रल एक्साइज के आयुक्त अजय कुमार पांडेय ने कहा कि जीएसटी में किसी को दक्कित नहीं हो, इसे सुगम बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।